हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024

13 लाइनमैन के तबादले के विरोध में बिजली...



14 हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में योगदान



खबर संक्षेप

### टोहाना शहर से दो मोटरसाइकिल चोरी

**टोहाना।** पुलिस को दी शिकायत में इंदिरा नगर, टोहाना निवासी कुलदीप ने कहा है कि गत दिवस वह मोटरसाइकिल से किसी काम से बाजार गया था। हिसार रोड बाईपास पर अपने गोदाम के बाहर बाइक खड़ी की। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से बाइक गायब थी। दूसरे मामले में गांव चंदड़खुर्द निवासी सूरजभान ने कहा कि गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को टोहाना के संगम अस्पताल के बाहर खड़ी की थी। वहां उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई।

### 20 लाख रुपये की प्रतिबंधित गोलियां पकड़ी

**सिरसा।** ड्रग कंट्रोलर व जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने आज शहर के मुख्य डाकखाना के पास एक ट्रैकॉन कोरियर की दुकान में आए पार्सल में आई करीब 20 लाख रुपए की 71 हजार 800 गोलियां की एक बड़ी खेप बरामद की है। ड्रग कंट्रोलर तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश देकर ट्रैकॉन कोरियर से आई तीन पेटियों में नशीली प्रतिबंधित गोलियों की एक बड़ी खेप कब्जे में लेकर इस संबंध में जांच शुरु कर दी है।

### छात्राओं को पौष्टिक आहार का बताया महत्व

**टोहाना।** इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी बिंदिया भाटिया की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समस्याएं व पौष्टिक आहार विषयक गोष्ठी रखी गई। मुख्य वक्ता के तौर पर शालिनी अस्पताल की आहार विशेषज्ञा रीटा मेहता उपस्थित हुई। उपप्राचार्य विरेंद्रपाल सिंह ने उनका स्वागत किया।

फुल ड्रेस रिहर्सल में दिखी गणतंत्र दिवस की झलक

# पंचायत मंत्री करेंगे ध्वजारोहण, पुलिस लाइन में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम





फतेहाबाद। पुलिस लाइन में आयोजित फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

- उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने फाइनल रिहर्सल में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल व अंतिम रिहर्सल पुलिस लाइन के प्रांगण में वीरवार को आयोजित की गई। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने फाइनल रिहर्सल में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी भी विशेष रूप से मौजूद रही। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया। परेड का नेतृत्व डीएसपी शमशेर सिंह ने किया।

इससे पहले उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के साथ लघु सचिवालय के समीप शहीदी स्मारक पर अमर वीर शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी जिला स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ पुलिस लाइन के प्रांगण में मनाया जाएगा, जिसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्यातिथि हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली होंगे। मुख्यातिथि ठीक 9:58 बजे समारोह स्थल पर पहुंचेंगे और 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके उपरान्त जिलावासियों को शुभ संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि देशभक्ति से ओतप्रोत शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाती झांकिया भी निकाली जाएगी। वीरवार को आयोजित की गई फाइनल रिहर्सल में परेड कमांडर डीएसपी शमशेर सिंह के नेतृत्व में पुलिस विभाग के पुरूष व महिला वर्ग ने शानदार मार्चपास्ट किया। इसके साथ-साथ होमगार्ड, एनसीसी महिला व पुरूष वर्ग, स्काउट गर्ल गाइड तथा बैंड का शानदार मार्चपास्ट हुआ। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने पीटी प्रदर्शन, लेजियम व डंबल शौ की बहुत की शानदार तरीके से प्रस्तुति दी। रिहर्सल में एसबीपी डीएवी स्कूल, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व पीएम श्री जेएनवी खारा खेड़ी के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के अंत में डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गान की भी प्रस्तुति दी गई। मौके पर एसपी आस्था मोदी, एडीसी डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी, डीएमसी संजय बिश्नोई, जिप सीईओ अजय चोपड़ा, सीटीएम सुरेश कुमार, एसडीएम राजेश कुमार, जीएम रोडवेज शेर सिंह, डीएसपी संजय सिंह व वीरेंद्र सिहं, डीईओ दयानंद सिहाग, जिला सैनिक बोर्ड से कल्याण अधिकारी एवं विंग कमांडर (रिटायर्ड) सुजाता, वेलफेयर ऑर्गेनाइजर महेंद्र सिंह, टेकचंद शास्त्री आदि मौजूद रहे।

### ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध, धारा 144 लागू

फतेहाबाद। जिलाधीश अजय सिंह तोमर ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथियों की सुरक्षा के मद्देनजर समारोह स्थल की 5 किलोमीटर के दायरे में धारा 144 लगाते हुए किसी भी प्रकार के मानव रहित हवाई उड़ान जैसे ड्रोन आदि का उपयोग व उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया है। सुरक्षा की दृष्टिगत से पुलिस लाइन फतेहाबाद, राजकीय महिला महाविद्यालय जाखनदादी तथा लघु सचिवालय टोहाना की पांच किलोमीटर के क्षेत्र में किसी भी प्रकार के मानव रहित हवाई उड़ान जैसे ड्रोन आदि की उड़ान पर प्रतिबंध लगाते हुए अस्थाई रेड जोन घोषित करते हुए ड्रोन रूल-2021 के रूल 24 के तहत आदेश पारित किए हैं।



भूना। गणतंत्र दिवस पर मानव श्रृंखला बनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर भारत माता को किया नमन

- न्यू सनराइज स्कूल भूना में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आजादी के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

न्यू सनराइज स्कूल भूना में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मानव श्रृंखला बनाकर भारत माता को नमन किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर अजय रेवड़ी, स्कूल कमेटी के उपप्रधान संजय रेवड़ी, प्रिंसिपल नेहा रेवड़ी व अकैडमिक डायरेक्टर धर्मपाल गोयल ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी व गणतंत्र की स्थापना अमूल्य है। हमें शहीदों को नमन करने के साथ-साथ उनके परिजनों को पूरा मान-सम्मान देना चाहिए। मौके पर मोनू रेवड़ी, सुरेंद्र खिच्चड, इंद्रपाल सेठी, नवनीत सिंह छोकर, भजनलाल, विनोद महला, प्रवीन शर्मा, हरदीप गोदारा, प्रदीप सोनी, सुमित कुमार,रवि कुमार, रेनू रेवड़ी, ज्योति रेवड़ी, ऊषा सेठी, सुशीला, हेमा गोयल, सुनीता बिश्नोई, बबीता रानी, ममता सोनी, नेहा खुराना, मंजू, पूजा रानी, ममता कुकडेज़ा, रितु रानी, प्रियंका, मीनू रानी आदि मौजूद थे।

### निबंध लेखन में बेअंत रहा प्रथम

**सिरसा।** सीएमके महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग एवं लोक प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय में एक लोकतंत्र का प्रहरी ईवीएम मशीन या बैलेट पेपर विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य डॉ. रंजना ग्रोवर के भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने छात्रों को निष्पक्ष व सक्रिय मतदान हेतु प्रेरित किया एवं मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डॉ. सरबन कंबोज, अनीता सिंह ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में बेअंत सिंह प्रथम स्थान, योगेश दुग्गल द्वितीय स्थान, हैप्पी कोर व सुखजीत सिंह ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस अवसर पर डॉ. सरोज गोयल, नीलम रानी, डॉ. करुणा मेहता आदि मौजूद रहे।

## सांसद ने एमएम कॉलेज में कबड्डी शैड और ओपन जिम का किया लोकार्पण



फतेहाबाद। एमएम पीजी कॉलेज में कबड्डी शेड और ओपन जिम का उद्घाटन करती सांसद सुनीता दुग्गल।

**फतेहाबाद।** सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद सुनीता दुग्गल द्वारा वीरवार को शहर के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज में कबड्डी शैड और ओपन जिम का उद्घाटन किया। इस कबड्डी शैड व ओपन जिम का निर्माण सांसद निधि कोष से किया गया है। इसको लेकर सांसद सुनीता दुग्गल द्वारा 15 लाख रुपये की घोषणा की गई थी। एमएम एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा व प्रधान राजीव बत्रा ने सांसद व अन्य अतिथियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। सांसद ने स्वयं कबड्डी शैड व ओपन जिम का अवलोकन किया और इसके लिए कॉलेज प्रशासन को बधाई दी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा, उपप्रधान अशोक तनेजा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, विजय चौधरी, सुदर्शन बत्रा, सतपाल अरोड़ा, सुनील सचदेवा, नरेश सरदाना, राजकुमार फुटेला, शरद बत्रा, एमएम शिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जनक रानी आदि मौजूद थे।




## अध्यापकों ने 100 जरूरतमंद छात्राओं को वितरित की जर्सियां



**फतेहाबाद।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बस्ती भीमा में विद्यालय अध्यापकों के सहयोग से 100 जरूरतमंद छात्राओं को जर्सियां वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक राजीव कुमार मनचंदा ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना पुण्य का कार्य है। सरकारी विद्यालयों में जरूरतमंद बच्चों की संख्या अधिक होती है, इसलिए हमें उनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस भीषण ठंड में हमें जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने चाहिए। अनेक विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण पर्याप्त गर्म वस्त्र नहीं खरीद पाते। ऐसे में स्कूल के अध्यापकों ने ऐसे विद्यार्थियों के लिए स्वयं मदद करने का निर्णय लिया था। इस अवसर पर रिचा आनन्द, रामेश्वर दास, संजीव कुमार, सुभाष चंद, नितिन बतरा, राजेन्द्र कौर, सविता, सीमा रानी, आशा रानी, रानी देवी, निशा यादव, वीत टुटेजा, सुनीता रहेजा, सुनीता रानी, नीलम रानी, मिड डे मील वर्कर व राजेश कुमार तथा सभी छात्राएं उपस्थित थे। मुख्याध्यापक राजीव कुमार ने इस कार्य में उचित सहयोग हेतु सभी स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया। मंच संचालन रामेश्वर मताना, प्रवक्ता गणित द्वारा किया गया।




### वन दरोगा की शिकायत पर लकड़ी चोरी का केस दर्ज

**सिरसा।** नाथूसरी चोपटा पुलिस ने वन दरोगा संदीप कुमार की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ लकड़ी चोरी करने, जान से मारने के प्रयास के आरोप में मामला दर्ज किया है। वन दरोगा संदीप ने अपनी शिकायत में बताया कि वह वन दरोगा साहबराम, वन रक्षक नवीन कुमार के साथ रात्रि में गश्त पर थे। जब वे। टू-जमाल रोड पर गांव रूपावास के पास पहुंचे तो कुछ लोग सड़क किनारे लकड़ी काट रहे थे। मौके पर एक छोटा हाथी लकड़ियों से भरा हुआ था। जब उन्होंने लकड़ी काटने वालों को रोका तो वे वाहन लेकर भाग गए। उन्होंने गाड़ी को टक्कर मारी और उन्हें मारने की कोशिश भी की। चोपटा पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



## खबर संक्षेप

### 29 को शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन

**सिरसा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आगामी 29 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि इस मेले में 8 कंपनियां भाग लेंगी। इस मेले में सभी आईटीआई पास शुदा छात्र-छात्राएं रोजगार व शिक्षुता के लिए भाग ले सकते हैं।

### महिलाओं को दिया जा रहा 1.50 लाख लोन

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए व्यक्तिगत ण योजना के तहत 1.50 लाख रुपये तक ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। हरियाणा महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक सुदेश कुमारी ने बताया कि जिसमे हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति की महिला को 25 हजार रुपये तथा जनरल व ओबीसी की महिलाओं को 10 हजार रुपये की राशि अनुदान के रूप में दी जाती है।

### डबवाली में दिनदहाडे.घर के ताले तोड़कर चोरी

**सिरसा।** डबवाली पुलिस ने वार्ड नंबर-6 इंद्रानगर निवासी ओमप्रकाश पुत्र पृथ्वीराम की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी व सेंधमारी का मामला दर्ज किया है। ओमप्रकाश ने बताया कि बुधवार काम पर से वापस घर लौटा तो गेट का ताला टूटा हुआ पाया। अलमारी में रखी 10 हजार रुपये की नकदी गायब मिलीं।

### गुरुद्वारा साहिब बचेर को सौंपा 50 हजार का चेक

**सिरसा।** हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य स. प्रकाश सिंह साहुवाला ने गांव बचेर स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधन कमेटी को 50 हजार रुपए का चेक सौंपा। स. प्रकाश सिंह साहुवाला ने कहा कि इस राशि को स्थानीय श्री गुरुद्वारा साहिब प्रबंधन अपने स्तर पर लंगरहॉल निर्माण अथवा किसी भी अन्य लोकहित के कार्य में प्रयोग कर सकता है।

### खेत में गए व्यक्ति की गाड़ी चोरी, केस दर्ज

सिरसा। पुलिस को दी शिकायत में गांव खारीसुरेरां निवासी रोहताश कुमार ने बताया कि बीती 21 जनवरी की दोपहर को वह अपनी गाड़ी लेकर खेतों में गया था। खेतों के पास सड़क किनारे गाड़ी खड़ीकर वह खेत संभालने के लिए चला गया। इसी दौरान कोई उसकी गाड़ी चोरी कर ले गया।

### व्यापार मंडल मनाएगा गणतंत्र दिवस

**टोहाना।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल द्वारा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। मंडल के प्रेस प्रवक्ता पवन वधवा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सुबह 10.58 पर ध्वजारोहण किया जाएगा तथा तिरंगे को सलामी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र ठकराल ध्वजारोहण करेंगे तथा देश प्रेम पर अपने विचार रखेंगे। इस मौके पर राष्ट्रगान का आयोजन भी होगा।

# लाइनमैन के तबादले के विरोध में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



**रतिया।** विरोध प्रदर्शन करते हुए बिजली निगम के कर्मचारी यूनियन।

बिजली निगम सब डिवीजन रतिया में तैनात लाइनमैन का राजनैतिक दबाव के चलते तबादला करने के विरोध में आल हरियाणा पावर कापार्रेशन वर्कर यूनियन द्वारा आज गेट मीटिंग की गई। इस गेट मीटिंग के दौरान कर्मचारियों द्वारा अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई। इस गेट मीटिंग का संचालन सचिव प्रेम शर्मा ने किया और अध्यक्षता सब यूनिट के अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने की। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए उपप्रधान सतपाल सिंह ने बताया कि दीपक लाइनमैन जो कि हांसपुर कम्पलैंट सैंटर पर तैनात है और ईमानदारी से कार्य करता है। जेई द्वारा किसी उपभोक्ता की बिजली चोरी पकड़ी गई और उसका मीटर उखाड़ कर ले आए। बाद में उक्त उपभोक्ता ने एसडीओ से मिलकर बिना जुर्माना भरे मीटर ले गए और आरोप लगाया कि दीपक व सतपाल लाइनमैन द्वारा उनकी चोरी पकड़वाई गई है, इसलिए अब हम इन दोनों को यहां नहीं रहने देंगे और इनका तबादला करवा देंगे। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता ने अपने राजनीतिक पहुंच का फायदा उठाते हुए उक्त दीपक लाइनमैन की बदली करवाने के लिए बिजली मंत्री को लिख कर दे दिया और उसका तबादला फतेहाबाद सिटी डिवीजन में करवा दिया। बिजली मंत्री के आदेश पर एसई ने कार्यकारी अभियंता के नेतृत्व में जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी। वक्ता ने आरोप लगाते हुए बताया कि एसडीओ ने जांच कमेटी की रिपोर्ट आए बिना ही लाइनमैन को यहां से रिलीव कर दिया, जो कि सरासर नाजायज है। उन्होंने बताया कि यूनियन इसका कड़ा विरोध करती हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर लाइनमैन के तबादले को न रोका गया तो 29 जनवरी से रतिया सब डिवीजन पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा और आगामी आंदोलन का ऐलान किया जाएगा। इस अवसर पर मनोज कामरा, रोहताश शेषनाथ, धर्मवीर, विनोद कुमार, मानव, जगतार सिंह, अमन, प्रवेश, प्रमोद, सुनील कुमार, लक्ष्मण दास, गुरदीप सिंह व अन्य कर्मचारी भी उपस्थिंत थे। बिजली निगम के ग्रामीण एसडीओ अशोक पानू ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशों पर ही तबादला किया है।

### सरकार के नोटिफिकेशन बाद वकीलों की हड़ताल खत्म

**सिरसा।** गांव रोड़ी व बड़ागुढ़ा थाना को डबवाली कोर्ट में ट्रांसफर करने के विरोध में किया गया अधिवक्ताओं का संघर्ष आखिरकार रंग लाया। बृहस्पतिवार को सरकार की ओर से नोटिफिकेशन में दोनों थानों को फिर से सिरसा में ट्रांसफर कर दिया गया है।

इस जीत पर अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर बधाई दी और इसे पूरे संगठन की जीत बताया। जिला बार एसोसिएशन ने सरकार के इस महत्वपूर्ण निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहरलाल, गृह एवं राज्य मंत्री अनिल विज, पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल सहित तमाम राजनीतिक प्रतिनिधियों व आमजन का आभार व्यक्त किया है।

## पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन 3 जनवरी से हड़ताल पर

# हड़ताल से हटकर एक पटवारी करवा रहा 50 फीसदी रजिस्ट्रियां

सुरेन्द्र असीजा/फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** तहसील कार्यालय में रजिस्ट्रियां करते कर्मचारी।

जिले के पटवारियों और कानूनगो की हड़ताल के चलते जहां एक तरफ आम जनता त्रस्त है। लोगों के तहसील कार्यालय से जुड़े काम नहीं हो रहे वहीं दूसरी तरफ तहसील कार्यालय में एक पटवारी ऐसा भी है जो हड़ताल से हटकर कार्यालय में अपनी सेवाएं जारी रखे हुए है। यही वजह है कि तहसील कार्यालय में 50 फीसदी रजिस्ट्रियां हो रही हैं, जिसके चलते सरकार को 50 फीसदी राजस्व सरकार को अभी भी मिल रहा है। जिला में पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन अपनी मांगों को लेकर 3 जनवरी से लगातार काम का बहिष्कार कर हड़ताल पर है। जिले में पटवारियों के 161 पद स्वीकृत है। वर्तमान में जिले में 98 पद खाली हैं और 63 पटवारी मौके पर कार्यरत है। यह पटवारी सचिवालय के बाहर धरने पर बैठे हैं। वीरवार को धरने में 42 पटवारियों ने भाग लिया। हड़ताल से पूर्व फतेहाबाद तहसील कार्यालय में प्रतिदिन 50 के करीब जमीन-जायदाद की रजिस्ट्रियां होती थी, जिससे सरकार को स्टाम्प ड्यूटी व रजिस्ट्री फीस के रूप में करीब 70 लाख रुपये प्रतिदिन प्राप्त होता था। पिछले 23 दिनों से जिले की टोहाना, रतिया, भूना, भट्टूकलां व फतेहाबाद तहसीलों में रजिस्ट्री, इंतकाल, जमाबंदी व फर्द का काम रूका हुआ है। अकेला फतेहाबाद तहसील कार्यालय ऐसा है जहां संजय पटवारी तहसील कार्यालय में ड्यूटी दे रहा है। संजय पटवारी रिकार्ड रूम में रजिस्ट्री के लिए आए फर्द को तस्दीक करता हैं, जिसके चलते रजिस्ट्रियां हो रही है। इसके अलावा वसीयत वाली रजिस्ट्रियां भी हो रही हैं। तहसील कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार पहले जहां 45 से 50 रजिस्ट्रियां प्रतिदिन होती थी, अब एक पटवारी के बूते ही 20 से 22 रजिस्ट्रियां प्रतिदिन हो रही हैं। इस कारण 20 से 25 लाख रुपये का राजस्व भी सरकार को मिल रहा है।

### हड़ताल के कारण 12 तरह के काम रूके

*पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल के चलते जिले की तहसील व उपतहसीलों में 12 प्रकार के काम रूके हुए हैं। इनमें मुख्य रूप से रजिस्ट्री, इंतकाल, फर्द, वसीयत, जाति प्रमाण पत्र वेरिफिकेशन व गिरदावरी का काम नहीं हो पा रहा। इसके अलावा गांवों में जमीन की पैमाइश व जमाबंदी का काम भी रूका हुआ है।*

### पटवारियों और कानूनगो ने काम का बहिष्कार कर धरना रखा जारी

**फतेहाबाद।** दि पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा की केन्द्रीय कमेटी के आह्वान पर जिला फतेहाबाद के पटवारियों और कानूनगो ने हड़ताल को जारी रखते हुए काम का बहिष्कार का लघु सचिवालय के बाहर धरना दिया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आज के धरने में जिला फतेहाबाद के सभी पटवारी एवं कानूनगो शामिल रहे। आज सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधन भूप सिंह भड़ोलांवाली व अन्य पदाधिकारी, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी धरने में शामिल हुए और पटवारियों व कानूनगो के आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इसके अलावा धरने को कई गांवों के नंबरदारों व सरपंचों ने भी पहुंचकर अपना समर्थन दिया। आज धरने की अध्यक्षता दि पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान सुरेश कुमार ने की। धरने में पूर्व प्रांतीय प्रधान पृथ्वी सिंह ने कहा कि पटवारी और कानूनगो लंबे समय से हड़ताल कर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं लेकिन सरकार उनकी कोई सुध नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों का समाधान नहीं करती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरने को विजय सिंह चालिया, सीताराम पटवारी, मक्खन लाल पटवारी, अश्वनी कुमार कानूनगो, रोहताश पटवारी, मदन लाल पटवारी, सतीश पटवारी, सुभाष पटवारी आदि ने भी संबोधित किया।

# 31 जनवरी तक ऐसे ही बना रहेगा मौसम, एक को बरसात संभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- आज से 31 जनवरी तक दो पश्चिम विक्षोभ होंगे एक्टिव : मौसम

फतेहाबाद में सर्दी का कहर लगातार बढ़ रहा है। हालात यह हो गए हैं कि दिन का तापमान रिकार्ड स्तर पर सामान्य से 8 डिग्री तक नीचे चला गया है। ठंड को देखते हुए मौसम विभाग ने फतेहाबाद, हिसार, सिरसा में कोल्ड डे और कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है।

हालांकि रात के तापमान में हलकी बढ़ोतरी हुई है। रात का तापमान 2 डिग्री के आसपास ही घूम रहा है। मौसम विभाग ने 30 जनवरी तक मौसम खुश्क रहने की संभावना जताई है। आज से 31 जनवरी तक दो पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने की भी संभावना है, जिसके चलते 1 फरवरी को बारिश हो सकती है। पिछले करीब एक महीने से कोहरा, धुंध और बादलवाही के बीच लोग सर्दी के सितम को सह रहे हैं। एक पखवाड़े से तो दिन का तापमान 15 डिग्री से नीचे ही चल रहा है जबकि रात का तापमान 2 से 6 डिग्री के बीच चक्कर काट रहा है। 18 साल बाद ऐसा हो रहा है कि दिसम्बर और जनवरी में बिलकुल ही बरसात नहीं हुई। इस कारण सूखी ठंड पड़ रही है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि जब तक बारिश नहीं होती, ठंड का कहर जारी रहेगा। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खीचड़ के अनुसार 30 जनवरी तक मौसम खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान शीत हवाएं चलेंगी, जिससे दिन के तापमान में हलकी बढ़ोतरी होगी परंतु ज्यादातर क्षेत्रों में अलसुबह धुंध छाई रहेगी। इस दौरान 26 व 27 जनवरी और 30-31 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा आर आंशिक बादलवाई रहने की संभावना है। 1 फरवरी को हवाएं चलने व बूंदाबांदी व बारिश की संभावना बन रही है।

# मैराथन दौड़ में रामस्वरूप कुकणा गोल्ड मेडलिस्ट बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



हसंगा गांव के रामस्वरूप कुकणा ने मुंबई मैराथन 2024 में सीनियर सिटीजन की 75 वर्ष आयु वर्ग की फुल मैराथन दौड़ 42 किलोमीटर की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट बन गए। उन्होंने प्रतियोगिता में 3 घंटे 39 मिनट 9 सेकंड में रेस पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अन्य मंत्रियों के साथ मैराथन को हरी झंडी दिखाई। मुंबई मैराथन में फुल मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर दौड़, ड्रीम रन, सीनियर सिटीजन रन और चैम्पियन विथ डिसएबिलिटी रन जैसी श्रेणियों में आयोजित की गई। सीनियर सिटीजन की 42 किलोमीटर दौड़ में हसंगा के 75 वर्षीय रामस्वरूप कुकणा ने प्रतिद्वंदियों को पछाड़कर गोल्ड मेडलिस्ट बन गए। गोल्ड मेडलिस्ट 75 वर्षीय रामस्वरूप कुकणा का वीरवार को हसंगा में घर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

### खेत में बने कमरे से हजारों की केबल चोरी

**सिरसा।** *जिला के गांव बालासर में एक किसान के खेतों में बने कमरे से चोर हजारों रुपए की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव बालासर निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उसने गांव के ही किसान जगदीश की जमीन ठेके पर ली हुई है। उसने बताया कि कृषि संबंधी सामान रखने के लिए उसने खेत में कमरा बनाया हुआ है। बीती 23 जनवरी की शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात को चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर वहां से 140 फुटे केबल चोरी कर ली। सुबह जब वह खेतों में गया तो कमरे का ताला टूटा पड़ा मिला। अंदर जाकर सामान संभाला तो केबल गायब मिली। आसपास के किसानों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसपर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।*

# पुलिस ने 500 वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा




**सिरसा।** यातायात पुलिस वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाते हुए।

जिला यातायात थाना प्रभारी धर्मचंद के नेतृत्व में वीरवार को पुलिस टीम ने बस स्टैंड के बाहर करीब 500 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाकर लोगों को यातायात नियमों बारे विस्तार से जानकारी दी। यातायात थाना प्रभारी ने सभी वाहनों चालकों से अपील करते हुए कहा कि अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगे और दूसरों को भी रिफ्लेक्टर लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सर्दी बढ़ने के साथ ही सुबह और रात को कोहरे के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों से अतिरिक्त सावधानी बरतने और यातायात के नियमों पर पूरी तरह से ध्यान रखकर वाहन चलाने की हिदायत दी है, ताकि लोग सुरक्षित सफर कर सकें और सड़क दुर्घटना की पुनरावृति न हो।

# आप जिला पार्षदों ने की चेयरमैन के खिलाफ नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला परिषद की बैठक में वीरवार को चेयरमैन व आम आदम पार्टी के पार्षदों के बीच विकास कायार्ं को लेकर काफी नोक-झोंक हुई। पंचायत भवन में हुई बैठक में दोनों तरफ से नारेबाजी भी हुई और एक बार तो हंगामा हो गया। हंगामा होते देखकर जिला परिषद चयरमैन कर्ण चौटाला बैठक स्थगित कर निकल गए। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताआं ने चेयरमैन के खिलाफ नारेबाजी भी की। आम आदमी पार्टी के पार्षदों द्वारा 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाने पर चेयरमैन कर्ण चौटाला ने कहा कि वे इस संबंध में कानूनी नोटिस भी भिजवाएंगे। चेयरमैन ने कहा कि विकास कार्य हरियाणा सरकार की गाइड लाइन के अनुसार किए जा रहे हैं। मीटिंग में आप पार्षदों द्वारा जिला परिषद चेयरमैन कर्ण सिंह चौटाला व जिला प्रशासन से आम आदमी पार्टी के 6 जिला पार्षदों द्वारा अपने क्षेत्र के विकास के लिए जिला परिषद में रखे गए दर्जनों प्रपोजलों पर जवाब मांगा। वहीं स्ट्रीट लाइट वितरण प्रक्रिया में हो रही गड़बडियों पर चैयरमैन कर्ण सिंह ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को जिम्मेवार ठहराते हुए कहा कि यह मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर का विषय है।

### बैठक में रहे मौजूद

*आप जिलाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि हैप्पी रानियां, जिला पार्षद जसदेव सिंह निक्का, जिला पार्षद गुरभेज सिंह गिल, जिला पार्षद मनजीत कौर, जिला पार्षद प्रतिनिधि बलविंद्र सिंह बराड़, जिला पार्षद संदीप कौर, जिला पार्षद गुरचरण सिंह फौजी ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारी चौटाला परिवार के हाथों की कठपुतलियां बने हुए हैं। चौटाला परिवार व जिला प्रशासन पिछले एक साल से लगातार मीटिंगों से भाग रहा है। आज की मीटिंग भी चेयरमैन कर्ण सिंह चौटाला बीच में छोडकर चले गए हैं। इस मौके पर जिला राष्ट्रीय परिषद सदस्य विरेंद्र कुमार एडवोकेट, संस्थापक सदस्य धर्मपाल लाट, जिला कार्यालय प्रभारी हंसराज सामा, युवा प्रदेश सहसचिव राजेश मलिक, वरिष्ठ नेता रिछपाल सिंह, महावीर चौबुर्जा, फौजा सिंह,चन्न औलख, राजन हिंदुस्तानी, डा. सुकेश अरोड़ा, श्रवण सिंह, प्रमोद वधवा, नरेंद्र भटनागर, विजय मोंगा, रवि कंबोज, जगतार सिंह, जस मक्कड़, राजेंद्र सिंह सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

# किसान समृद्ध तो देश खुशहाल : चेयरमैन

- मेले में 28 किसानों को किन्नों रत्न व किन्नों सम्मान पुरस्कार से किया सम्मानित
- फल उत्कृष्टता केंद्र, मांगेआना में आयोजित दो दिवसीय फल एक्सपो संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



**सिरसा।** किन्नू उत्पादक किसानों को सम्मानित करते चेयरमैन आदित्य चौटाला।

फल उत्कृष्टता केंद्र, मांगेआना में आयोजित दो दिवसीय फल एक्सपो के दूसरे दिन समापन समारोह में हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन आदित्य देवीलाल चौटाला ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उद्यान विभाग के मिशन निदेशक डा. रणबीर सिंह, अतिरिक्त निदेशक डा. धर्म सिंह यादव, संयुक्त निदेशक उद्यान डा. पीसी संधु, उद्यान निदेशालय डा. मनप्रीत कौर ने शिरकत की। मेले के द्वितीय दिन जिला सिरसा, फतेहाबाद व हिसार जिले के 1800 किसानों ने भाग लिया। मेले के दौरान मुख्यातिथि ने स्टालों का दौरा किया गया तथा केंद्र में लगे विभिन्न फसलों के प्रदर्शन प्लाट का दौरा किया व विस्तृत रूप से बागों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मेले के दौरान कुल 28 पुरस्कार वितरित किए गए, जिसमे 14 किन्नौ रत्न एवं 14 किन्नौ सम्मान पुरस्कार वितरित किए गए। किन्नौ रत्न पुरस्कार की राशि 3100रुपये व किन्नौ सम्मान की राशि 2100 रुपये किसानों को डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी।चेयरमैन आदित्य देवीलाल ने कहा कि किसान की समृद्धि ही देश की समृद्धि होती है और भाजपा सरकार किसानो की उन्नति का हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश व केंद्र सरकार की और से किसानों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका किसानों को बहुत लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसान समृद्ध व खुशहाल हो इसके लिए तकनीकी खेती करने की सबसे बड़ी आवश्यकता है और तकनीकी खेती के लिए सरकार किसानों को अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से समय-समय पर जागरुक भी करती है। उन्होंने कहा कि जिस दिन से उन्होंने हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभाला था, उसी दिन से प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार किसान और मजदूर के हक में कानूनी निर्णय लेने आरंभ कर दिए थे। मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना में कुछ नए बिंदुओं को सम्मिलित करवाया ताकि किसानों और मजदूरों को इस योजना का शत प्रतिशत लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री किसान खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना में आवेदन करने वाले लोगों को जल्द लाभ प्राप्त हो सके उसके लिए भी गंभीरता से प्रयास जारी है। इस मौके पर एफपीओ, मशीनरी बागवानी, कृषि एवं नर्सरियों से सम्बंधित विभिन्न उत्पादों की 35 स्टाल लगाई गई। इस अवसर पर विषय वस्तु विशेषज्ञ डा. रमेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी डा. पुष्पेंदर, विषय वस्तु विशेषज्ञ डा. सुरेंद्र सिहाग, डा. सचिन व डा. रिंकू ने विभिन्न बिंदूओं पर अपने-अपने विचार किसानों के समक्ष रखे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

- अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा




**सिरसा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम प्रस्तुतियां देती छात्राएं।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत स्थानीय पंचायत भवन में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समय बदल गया है और समय के साथ लोगों की सोच में भी बदलाव आया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। बेटियां आज शिक्षा, खेल, विज्ञान सहित हर क्षेत्र में बेटों की तरह ही बढ चढकर काम कर रही है। उन्होंने जिला में महिला एएसपी, तहसीलदार, सेशन जज, बीडीपीओ आदि का उदाहरण देते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दर्शना सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस को मनाने की शुरुआत वर्ष 2009 में पहली बार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी। आज के कार्यक्रम में बच्चियों व महिलाओं के संरक्षण से संबंधित कानून की जानकारी दी गई। इसके अलावा कार्यक्रम में खेलों में जिला का नाम रोशन करने वाली बेटियों ने भी अपने विचार रखे। जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. गुरप्रीत कौर ने जेजे एक्ट, पोक्सो एक्ट, बाल अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। वन स्टॉप सेंटर से मंजू कुमारी द्वारा महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार व उनसे बचाव संबंधी कानून की जानकारी दी। कार्यक्रम में एथलीट कुमारी ममता ने अपने अनुभव सांझा किए। इस अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। राजकीय स्कूल पनिहारी के बच्चों ने मोबाइल मिस यूज पर सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम के दौरान जिला के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में आज के दिन जन्मी बेटियों का जन्मदिन भी अतिरिक्त उपायुक्त के साथ मनाया गया तथा बच्चियों को तोहफे भी दिए गए। इसके अलावा आमजन को जागरूक करने के लिए मैराथन भी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान खेल क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली बच्चियों को भी सम्मानित किया गया, जिसमें ताईक्वांडो खिलाड़ी विनीता, एथलीट ख्याति, 'योति, ममता, जुडो खिलाड़ी दून मेहता शामिल थी। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी डा. अंजना डूडी, डा. मोनिका चौधरी, सभी सुपरवाइजर, स्कूली बच्चियां व आंगनवाड़ी वर्कर, हेल्पर व महिलाएं शामिल थी।

## एनएसएस इंचार्ज ने स्वयंसेवकों को मतदान का महत्व बताया

# हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में बनता है भागीदार : डॉ. जोशी

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवाओं ने देश निर्माण की ली शपथ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। एमएम शिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है, इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। इसी उद्देश्य से आज एमएम शिक्षण महाविद्यालय में एनएसएस विभाग की ओर से मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई ताकि पात्र नागरिक की निर्वाचक सहभागिता को बढ़ाया जा सके और प्रत्येक नागरिक मतदाता के रुप में पंजीकृत हो सके। एनएसएस इंचार्ज डॉ. कमला जोशी ने बताया कि विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का गठन भारतीय संविधान के लागू होने से 1 दिन पहले 25 जनवरी 1950 को हुआ था, क्योंकि 26 जनवरी 1950 को भारत एक गणतांत्रिक देश बनने वाला था। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने वर्ष 2011 से हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस यानि 25 जनवरी को ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की थी। 2011 से ही हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हर वर्ष आयोजन सभी भारत के नागरिकों को अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक की मतदान प्रक्रिया में भागीदारी जरूरी है, क्योंकि भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने मत का प्रयोग सोच-समझकर करना चाहिए और ऐसी सरकारें या प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान करना चाहिए, जो कि देश को विकास और तरक्की के पथ पर ले जा सकें। यह सिर्फ और सिर्फ तभी हो सकता है, जब हम सभी मतदान करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में सभी स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## बहबलपुर कॉलेज में राष्ट्रीय युवा मतदाता दिवस पर सेमिनार का आयोजन

*फतेहाबाद। मुख्त्यार सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, बहबलपुर में राष्ट्रीय युवा मतदाता दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने भाग लिया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए लक्ष्मण नापा ने कहा कि हम सभी को एक जागरूक मतदाता होना चाहिए और अपने मत का उचित प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी चुनाव हो, युवाओं को बढ़चढ़ कर अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि जागरूक मतदाता वही है जो समय आने पर अपने वोट का उचित प्रयोग करता है। इसी प्रोग्राम के अर्न्तगत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नमो नवमतदाता सम्मेलन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े ही लगन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का भाषण सुना व अपने मत का प्रयोग करने की शपथ भी ली। इस दौरान महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. हरमिन्दर सिंह, प्राचार्य ओपी नागपाल, डॉयरेक्टर अमनदीप कौर व महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ व छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।*

### कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ

*टोहाना। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वीरवार को सुपरवाइजर कर्मजीत कौर ने लघु सचिवालय परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान की महत्ता को बताते हुए वोट डालने और अन्य मतदाताओं से भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। सुपरवाइजर कर्मजीत कौर ने कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मतदाधिकार का प्रयोग करेंगे।*



## राजकीय महिला महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय मतदाता दिवस

- कार्यक्रम में सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुनीता दुग्गल व फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में महाविद्यालय की इलेक्टोरल रोल व वोटर आईडी कमेटी के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संबंध में विशेष कार्यक्रम नव युवा मतदाता महोत्सव का भी सीधा प्रसारण महाविद्यालय की छात्राओं को दिखाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुनीता दुग्गल ने छात्राओं को कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद मतदाता ही है। उन्होंने कहा कि अगर प्रत्येक मतदाता अपना मतदान करता है तो भारत का लोकतंत्र और भी सदृढ़ बनेगा व प्रत्येक नागरिक का इसमें योगदान होगा। विधायक दुड़ाराम ने छात्राओं को उनके वोट का महत्व समझाते हुए उन्हें अपने वोट का प्रयोग करने के लिए समझाया। इस कार्यक्रम के उपरांत सांसद व विधायक के द्वारा महाविद्यालय की सेंट्रल कंप्यूटर लैब का उद्घाटन भी किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगोली, पोस्टर्स, भाषण, कविता व नाटक के माध्यम से सभी को मतदान के बारे में जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता द्वारा मतदाता शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में हिंदी प्राध्यापक भरत लाल, डॉ. ज्योति, डॉ. रीटा, डॉ. रमेश, डॉ. ममता, गगनदीप व पवन कुमार सहित महाविद्यालय की छात्राएं मौजूद रही।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एएसपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रांगण में कर्मचारियों को दिलाई शपथ

- लोकतंत्र को मजबूत व सशक्त बनाने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। एएसपी ने पुलिस कर्मियों ने दिलाई शपथ।

- प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी

जिला पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर तथा विभिन्न स्थानों एवं चौकियों में जिला पुलिस केअधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर मे सहायक पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 से ही भारत के निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस यानी 25 जनवरी 1950 को चिन्हित करने के लिए पूरे भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाने लगा था। दीप्ति गर्ग ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना पुलिस का परम दायित्व है, इसलिए चुनाव के दौरान पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पहचान की जाएगी।

## 'आपका भविष्य आपके हाथों में' विषय पर कार्यक्रम

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के आदेश अनुसार 'आपका भविष्य आपके हाथ में' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के आदेश अनुसार 'आपका भविष्य आपके हाथ में' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव समप्रीत कौर ने कहा कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए 25 जनवरी 2024 से 15 अगस्त 2024 तक जिला फतेहाबाद में स्कूलों व प्रत्येक गांव में कैंपों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरुक होकर मतदान करें। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार (निर्वाचन) राज कुमार ने कहा कि हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। 25 जनवरी 1950 को भारत के चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी और इसके अगले दिन 26 जनवरी को संविधान लागू करके गणतंत्र दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि वोटर्स डे की शुरुआत साल 2011 में हुई। यह दिन युवा वोटर को जागरूक करने का दिन है। इस दिन युवाओं को वोट की ताकत और उपयोगिता के बारे में बताया जाता है ताकि उन्हें ज्यादा से ज्यादा चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। यह दिन न केवल युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है बल्कि मूल अधिकार के रूप में वोट देने के अधिकार पर भी ध्यान केंद्रित करता है। इस दौरान पैनल अधिवक्ता संजीव कुमार ने कहा कि मतदाता की पात्रता आयोग पहले 21 वर्ष थी लेकिन 1988 में इसे घटकर 18 वर्ष कर दिया गया है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है।

## लोकतंत्र को मजबूत करें : एसडीएम

- विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राज्यस्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। कार्यक्रम विद्यार्थियों व स्टाफ को शपथ दिलाते एसडीएम राजेंद्र कुमार।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर वीरवार को विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में विवेकानंद स्कूल के छात्रों ने एक लघु नाटिका के माध्यम से अपने मत का प्रयोग करने का संदेश दिया। इस अवसर पर तहसीलदार चुनाव हनुमान दास, विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक राम सिंह यादव, कानूनगो देवेंद्र मौजूद रहे। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में व्यक्ति को जो मत का अधिकार दिया गया है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण अधिकार है। प्रत्येक मतदाता को अपने मत का प्रयोग जाति, धर्म से ऊपर उठकर तथा बिना किसी प्रलोभन के सही व्यक्ति की पहचान करके ही करना चाहिए। मतदाता द्वारा चुना गया प्रतिनिधि यदि अच्छा होगा तो विकास कार्य व योजनाएं भी प्रभावी रूप से क्रियान्वित होंगी। उन्होंने कहा कि संविधान में मत का अधिकार व्यक्ति के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्रत्येक व्यक्ति का मत लोकतांत्रिक प्रणाली की सुदृढ़ता के लिए जरूरी है, इसलिए मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

## भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली विश्व में सर्वश्रेष्ठ : डॉ. बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक भवन के सामने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली विश्व की सर्वश्रेष्ठ प्रणाली है। लोकतंत्र के अंदर मत का प्रयोग जनता को करना होता है और अपने विवेक के हिसाब से मतदाता जनप्रतिनिधि का चुनाव करता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में छात्र कल्याण अधिष्ठाता द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने बढ चढ़कर भाग लिया। डॉ. बंसल ने कहा कि मतदान करने वाले अत्यन्त भाग्यशाली हैं कि उन्हें मत डालने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इस मत के अधिकार के लिए हमारे पूर्वजों ने हजारों साल संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि लोकताित्रक प्रणाली में नेता का चयन बेल्ट बॉक्स से होता है। राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति को मत का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चुनाव नोडल अधिकारी डॉ. रविंद्र ढिल्लों की उपस्थिति में मत का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर प्रो. राज कुमार, डॉ. अमित सांगवान, डॉ. गुरसाहिब सहित अनेक विभागो के प्राध्यापक, गैर शिक्षक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## जरूरतमंदों को वितरित किए गर्म वस्त्र

- यंग इंडिया ऑर्गेनाइजेशन 40 लोगों को वस्त्र बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। जरुरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित करते संस्था के सदस्य।

यंग इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आओ किसी का सहारा बने अभियान के तहत घंटाघर चौक में लगभग 40 जरुरतमंदों को गर्म कपड़े जैसे स्वेटर, कोट आदि वितरित किए। यह कार्य इंपोर्ट हब के सहयोग से किया गया। ऑर्गनाइजेशन के संस्थापक अध्यक्ष मोहित सोनी ने कहा कि हर सक्षम व्यक्ति को गरीबों व जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए क्योंकि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि आपका जरा सा सहयोग असहायों के जीवन में बदलाव ला सकता है। इस अवसर पर संस्था के महासचिव संदीप चलान, विष्णु सिंह शेखावत, धीरज गोयल, भावना शर्मा एडवोकेट, अश्वनी शर्मा एडवोकेट, सोनिया शर्मा, बबली कटारिया आदि उपस्थित थे।

**विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ**

# टोहाना में बस अड्डा और नागिरक अस्पताल जल्द बनेंगे

- शहर के रेलवे रोड स्थित डिवाइडर का शिलान्यास भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



टोहाना। विकास कार्यों का उद्घाटन करते पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने वीरवार को शहर टोहाना के विभिन्न वाडारें में नवनिर्मित गलियों का उद्घाटन किया। इन पर लगभग दो करोड़ रुपये की लागत आई है। कैबिनेट मंत्री ने 97 लाख रुपए से बनने वाले शहर के रेलवे रोड स्थित डिवाइडर का शिलान्यास भी किया। पंचायत मंत्री ने कहा गांवों के साथ शहरों में भी विकास को जारी रखा जाएगा। विकास कायारें के साथ-साथ सौंदर्यीकरण का काम भी किया जा रहा है। शहर के मुख्य मागारें में डिवाइडर बनाकर उनमें पौधे लगाकर साफ-सुंदर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि डिवाइडर के ऊपर इसकी सुंदरता बढ़ाने के लिए जगह-जगह पर आकर्षक व सुंदर दिखने वाले खुशबूदार पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये जा चुके है। उन्होंने कहा कि शहर में प्रवेश करने वाले नागरिकों को मनभावन माहौल मिले, इसके लिए साफ-सफाई रखी जाएगी और सुंदर पौधे लगाये जाएंगे। पंचायत मंत्री ने कहा है कि शहर के बीच में मौजूद बस अड्डा को शहर से बाहर शिफ्ट करके भव्य बनाया जा रहा है, जो लगभग एक साल में बनके तैयार हो जाएगा। शहर में सात मंजिला बहुउददेशीय सिविल अस्पताल का काम शुरू कर दिया गया है। इस अस्पताल में सभी बीमारियों का इलाज मुफ्त किया जाएगा। नागरिकों के लिए ये एक बड़ी सुविधा है। इसके अलावा शहर में बाइपास का निर्माण किया गया जिससे जाम से मुक्ति मिली है। 148-बी भी जल्द बनकर तैयार होगा, जो आवागमन सुगम बनाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष नरेश बंसल, ईओ संदीप सोलंकी, कार्यकारी अभियंता अंकित वशिष्ठ व अन्य मौजूद रहे।

### शहर में यहां-यहां होंगे विकास कार्य

*पंचायत मंत्री ने वार्ड 3 में नैन डेयरी के पास गली का निर्माण 24.66 लाख रुपए से, इसी वार्ड में फकीरचंद से रमेश तथा जुगल किशोर से विजय तक की गली का निर्माण 20 लाख रुपए से, वार्ड चार में बलदेव से लेकर लकी बत्रा तक गली निर्माण 12.43 लाख रुपए से, इसी वार्ड में मास्टर सुरजीत से पम्मी तक गली का निर्माण 7.26 लाख रुपए से, वार्ड साथ में शास्त्री बाजार से चौखंडी मोहल्ला तक सीसी गली का निर्माण 18.56 लाख रुपए से, वार्ड 15 में राजेंद्र खोबड़ा वाली गली का निर्माण 14.84 लाख रुपए से, इसी वार्ड में जगसीर से लेकर ईश्वर के मकान तक गली का निर्माण 10 लाख रुपए से, वार्ड 16 में मिर्ची होटल वाली सीसी गली का निर्माण 24.75 लाख रुपए से, इसी वार्ड में पीर से लेकर सुरेंद्र मित्तल तक के मकान तक गली का निर्माण 11.63 लाख रुपए से, वार्ड 17 में मामू राम वाली गली का निर्माण 9.63 लाख रुपए से, वार्ड 18 में रामफल गोस्वामी वाली गली का निर्माण 10.18 लाख रुपए से, वार्ड 21 में रोहित भाटिया तथा सिक्का इलेक्ट्रॉनिक वाली गली का निर्माण 16.73 लाख रुपए की लागत की गलियों का उद्घाटन किया।*

## विधायक 27 को किसानों और सीएम के बीच करवाएंगे बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भट्टू इलाके में सेम की समस्या को लेकर पिछले 66 दिनों से किसान उपतहसील कार्यालय, भट्टू के बाहर धरने पर बैठे है। धरने पर बैठे किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए विधायक दुड़ाराम ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आग्रह किया।

विधायक के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने किसानों के प्रतिनिधि मंडल को 27 जनवरी को चंडीगढ़ में बातचीत के लिए समय दिया गया है। बैठक में किसानों और मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्चाधिकारियों के साथ सेम की समस्या को लेकर बातचीत होगी। इस बैठक में भट्टू इलाके के जिला के किसानों की सेम की समस्या के निदान बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी गत दिवस जिला के गांव डूल्ट में आयोजित विशाल जनसभा के दौरान भी अपने संबोधन में कहा कि भट्टू इलाके में सेम की समस्या को लेकर धरने पर बैठे किसानों के मामले में उन्हें स्थानीय विधायक दुड़ाराम व उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अवगत कराया है। 27 जनवरी को चंडीगढ़ में उच्चाधिकारियों के साथ आयोजित इस बैठक में सेम की समस्या के हल बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी। विधायक दुड़ाराम ने कहा कि किसानों की सेम की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल व सरकार गंभीर है। सरकार चाहती है कि किसानों की इस सेम की समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो।